शुक्रवार
12 अप्रैल 2024



पृष्ठ 4

एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों जरूरी है



पृष्ठ 5

कृतिका ने योद्धा में अपनी भूमिका के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का लिया सहारा



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 74
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

भय से ही दुःख आते हैं, भय से ही मृत्यु होती है और भय से ही बुराइयाँ उत्पन्न होती हैं।
– विवेकानंद

दून वैली मेल
सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# भ्रष्टाचार के कारण हुई कांग्रेस की दुर्दशा: राजनाथ

विशेष संवाददाता

गौचर (चमोली)। अपने चुनावी दौरे पर आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज जनपद चमोली के गौचर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की जो दुर्दशा हुई है इसका मुख्य कारण भ्रष्टाचार रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में एक के बाद एक घोटाला हुआ उन्होंने बोफोर्स तोप घोटाले से लेकर हेलीकॉप्टर घोटाले तक का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को दोनों हाथों से लूटा है। उन्होंने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर सेना को कमजोर करने और सैनिकों के हितों का ख्याल न रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ भाजपा ही है जिसने सैनिकों के कल्याण के बारे में सोचा है और काम किया है। उन्होंने कहा कि हमने वन रैंक वन पेंशन की सालों पुरानी मांग को पूरा किया जिसका बड़ा लाभ सैनिक परिवारों को मिल रहा



**●मोदी राज में नहीं हुआ एक भी घोटाला**
**●कांग्रेसी राम व सनातन को नहीं मानते**

है। उन्होंने कहा कि मोदी के कार्यकाल में सेना का मनोबल बढ़ा है। आज भारत की सेना किसी भी देश की हिमाकत का ईंट का जवाब पत्थर से देने की ताकत रखती है। आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की सोच राष्ट्र विरोधी है वह न तो भगवान राम में विश्वास रखते हैं और न सनातन धर्म और हिंदुत्व में उनकी कोई आस्था है। वह सनातन को गालियां देते हैं उन्होंने कहा कि जिन लोगों की हिंदुत्व और सनातन धर्म में आस्था न हो क्या उनसे आप राष्ट्रीय हित की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के आम नागरिक के उत्थान व विकास के लिए काम कर रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प के लिए उन्होंने जो यात्रा शुरू की है उसमें हर एक व्यक्ति को योगदान करने की जरूरत है।

# फाइनेंसकर्मी से लाखों की लूट करने वाले दो ईनामी लुटेरे गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर से तमंचे की नोंक पर लाखों की लूट करने वाले दो शातिर ईनामी लूटेरों को एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि लूट के इस मामले में तीन लुटेरे पूर्व में ही गिरफ्तार किये जा चुके है। इस प्रकरण में एक लुटेरा फरार है जिसकी तलाश जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि बीती 15 फरवरी को के.जी.एफ.एस. फाइनेंस कम्पनी का वेल्यू मैनेजर राहुल कुमार ग्राहकों से हर माह किस्त का पैसा लगभग डेढ लाख रूपये इकटठा कर मोटरसाइकिल से धनौरी ब्रांच में जमा करने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में हजाराग्रन्ट व आसफनगर के बीच में अज्ञात बदमाशों द्वारा तंमचा दिखाकर उससे बैग में रखे डेढ लाख रूपये लूट लिये गये और बदमाश पैसा लेकर फरार हो गये थे। इस सम्बन्ध में राहुल कुमार द्वारा जनपद हरिद्वार के थाना सिडकुल में लूट से सम्बन्धित धाराओं में अज्ञात बदमाशों के



खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि लूट की उक्त घटना को 6 बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया है। जिसमे से पुलिस ने तीन बदमाशों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि तीन बदमाश अंकित, अरूण उर्फ राजा व नकुल लगातार फरार चल रहे थे, तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोषित कर दिया गया था। इस बीच बीते रोज एसटीएफ को सूचना मिली कि उक्त बदमाश अलग-अलग क्षेत्रों में छिपे हुए है। जिस पर एसटीएफ द्वारा आरोपी अंकित कुमार को ग्राम कलालहटी थाना फतेहपुर ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## रामेश्वर कैफे में धमाका करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार


बेंगलुरु । बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट करने वाले मुख्य आरोपी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। ब्लास्ट का मास्टरमाइंड भी पकड़ा गया है। एनआईए का कहना है कि मुसाविर शाजिब हुसैन ने कैफे में आईईडी रखा था जबकि अब्दुल मतीन ताहा ने धमाके की साजिश रची थी। ये दोनों 2020 के एक आतंकवादी हमले के मामले में पहले से वांछित थे। एनआईए का कहना है कि ताहा आईएसआईएस के बेंगलुरु मॉड्यूल अल हिंद से जुड़ा हुआ था। आरोपी कोलकाता में अपनी पहचान बदलकर छिपे हुए थे। एनआईए ने कहा कि केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल की पुलिस और केंद्रीय इंटेलिजेंस एजेंसियों के सहयोग एवं समन्वित प्रयास से इन्हें पकड़ा गया। जांच एजेंसी ने गत 29 मार्च को आरोपियों की तस्वीरें और इनके ब्योरे में जानकारी साझा की। साथ ही इन दोनों के सिर पर 10-10 लाख रुपए का इनाम रखा। बता दें कि गत एक मार्च को बेंगलुरु के कैफे में हुए ब्लास्ट में कम से कम 10 लोग घायल हुए।




## 'जम्मू-कश्मीर को वापस मिलेगा राज्य का दर्जा, विधानसभा के चुनाव भी होंगे'

उधमपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को उधमपुर दौरे पर थे। यहां उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल के अंदर-अंदर जम्मू-कश्मीर पूरी तरह से बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा-प्रवाह वो तो है, सबसे बड़ी बात है कि जम्मू-कश्मीर का मन बदला है। लोग कहेंगे मोदी जी, इतना कर लिया। आप चिंता मत कीजिए हम आपके साथ हैं। मेरे जम्मू-कश्मीर के बहनों और भाइयों, आपने पहले इतने बुरे दिन देखे हैं कि आपको ये सब विकास की तरह बहुत बड़ा लग रहा है। लेकिन ये जो मोदी है ना, ये बहुत दूर की सोचता है। अब तक



जो हुआ है वो तो ट्रेलर है, ट्रेलर। मुझे तो नए जम्मू-कश्मीर की नई और शानदार तस्वीर बनाने के लिए जुट जाना है। वो समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा के चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। पीएम ने कहा कि ये कहते थे कि 370 हटी तो आग लग जाएगी, जम्मू कश्मीर हमें छोड़कर चला जाएगा। लेकिन जम्मू कश्मीर के नौजवानों ने इनको आईना दिखा दिया। अब देखिए, जब उनकी यहां नहीं चली, जम्मू कश्मीर के लोग उनकी असलियत जान गए, तो ये लोग अब जम्मू कश्मीर के बाहर देश के लोगों के बीच भ्रम फैलाने का खेल, खेल रहे हैं। ये कहते हैं कि 370 के हटने से देश को कोई लाभ नहीं हुआ। अब यहां स्कूल नहीं जलाए जाते, बल्कि स्कूल सजाए जाते हैं। पीएम ने कहा कि अब यहां एम्स बन रहे हैं, आईआईटी बन रहे हैं, आईआईएम बन रहे हैं। अब आधुनिक टनल, आधुनिक चौड़ी सड़कें, शानदार रेल का सफर जम्मू कश्मीर की तकदीर बन रहे हैं। पीएम ने कहा कि ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि ये चुनाव देश में एक मजबूत सरकार बनाने का चुनाव है।

दून वैली मेल


## संपादकीय

# महंगाई व रोजगार ही असल मुद्दे

भारत देश का लोकतंत्र भले ही दुनिया का सबसे पुराना और मजबूत लोकतंत्र कहा जाता हो लेकिन यह लोकतंत्र अपनी बहुआयामी संस्कृति के कारण अद्भुत और अत्यंत ही अनूठा भी है। क्योंकि इस देश के लोगों के लिए न तो कोई राष्ट्रीय मुद्दा महत्व रखता है और न कोई सामाजिक मुद्दा ऐसा होता है कि जिसके आधार पर मतदाता यह निश्चित करते हो कि उन्हें वोट किसे देना है। डिजिटल इंडिया में तो अब यह और अधिक जटिल हो गया है। जाति धर्म, क्षेत्रवाद और आस्था के मुद्दे हमेशा ही इस देश की राजनीति पर इसलिए भी हावी रहे हैं क्योंकि लोग भावनाओं में बहकर इसका फैसला लेते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। अब तक इस देश के नेता और राजनीतिक दल भी इतने परिपक्व हो चुके हैं कि वह मतदाताओं की कमजोर नसों को आसानी से पकड़ लेते हैं और असल मुद्दों से आसानी से जनता का ध्यान भटका कर कृत्रिम मुद्दों के सहारे वोट बटोरने और सत्ता में पहुंचने में कामयाब हो जाते हैं। 1970 के दशक में कांग्रेस का गरीबी मिटाओ कांग्रेस लाओ के नारे से लेकर 2010 के दशक तक जब भाजपा ने अच्छे दिन लाने का वायदा किया था इसका एक उदाहरण है। देश के लोग इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं की आजादी के इस अमृत काल तक देश में भयंकर सामाजिक और आर्थिक असंतुलन की जो खाई पैदा हो चुकी है उसके पीछे क्या कारण है। यह बात किसी को भी अटपटी लग सकती है लेकिन सच यही है कि हमने कभी भी सही सरकार चुनने में गलती की है। 2024 का वर्तमान चुनाव भी पिछले चुनावों से कुछ अलग हटकर नहीं हो रहा है। सोशल मीडिया पर आने वाले तमाम सर्वे जनता को दिशा भ्रमित कर रहे हैं कोई एनडीए को 400 पार भेज रहा है तो कोई इंडिया गठबंधन को 400 पार ले जा रहा है। अगर चुनावी मुद्दों की बात करें तो उसमें भ्रष्टाचार पर वार और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने से लेकर विकसित भारत तक की बात शामिल है। राम मंदिर निर्माण और सनातन तथा हिंदू राष्ट्र की बात इन मुद्दों में शामिल है। लेकिन जनता के मुद्दे इस चुनाव से भी गायब दिखाई दे रहे हैं। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटी (सीएसडीएस) का सर्वे इस बात को बताता है कि देश के लोग सबसे ज्यादा अगर परेशान किसी बात से हैं तो वह बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी है। इस सर्वे में 62 प्रतिशत लोगों ने बेरोजगारी व 71 प्रतिशत लोगों ने महंगाई को बड़ा मुद्दा माना है। लोग इन समस्याओं के लिए केंद्र व राज्यों की सरकारों को समान रूप से जिम्मेदार मानते हैं। इस सर्वे के अनुसार बीते 10 सालों में सिर्फ तीन फीसदी लोगों तक ही विकास पहुंचने की बात कही गई। गरीब, कमजोर और मध्यम वर्ग के लोगों की समस्याएं पहले से कई गुना अधिक बढ़ चुकी है उनके बचत की बात तो दूर जीवन को सामान्य तौर पर जी पाना भी मुश्किल हो रहा है लोग चाहते हैं कि देश का समावेशी विकास हो जिससे इस सामाजिक असंतुलन को कम किया जा सके। सर्वे का नतीजा यही बताता है कि आने वाली सरकार ने अगर ऐसा नहीं किया और सत्ता अर्थव्यवस्था पर केंद्रित नहीं रही तो देश की गरीब व मध्यवर्ग की आबादी का जीवन मुहाल हो जाएगा।

# सलोनी ने जीता बेस्ट एथलीट का खिताब

देहरादून (सं)। बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक में हुए स्पोर्टस डे पर सलोनी ने बेस्ट एथलीट का खिताब जीता। आज यहां बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक द्वारा अंबेडकर स्टेडियम ओएनजीसी में स्पोर्टस डे का आयोजन किया गया। जिसमें 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रिले रेस, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट तथा डिस्क्स थ्रो आदि प्रतियोगितायें करायी गयी। नैंसी (बीएफडी), मुस्कान थापा (एमओएम एंड एसपी), हिमानी (बीएससी आईटी), तनूजा नेगी (टीडी), ईशा (एमओएम एंड एसपी) आदि विजेता रहे। 200 मीटर रिले रेस में एमओएम एंड एसपी विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सलोनी ने बेस्ट एथलीट का खिताब जीता तथा उसे नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। स्पोर्टस कमेटी पूनम भंडारी, संध्या लिंबू, पूनम ध्यानी तथा किरन नेगी ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रधानाचार्या नमिता मंमगाई के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।




त्रीणि त्रितस्य धारया पृष्ठेष्वेरया रयिम्।
मिमीते अस्य योजना वि सुक्रतुः।।
(ऋग्वेद ९-१०२-३)

परमात्मा मूल प्रकृति के तीन तत्वों सत्, रज् और तम् से इस सृष्टि की रचना करता है।

# उम्र को धता बता विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी बने टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना

●ललित शर्मा

एक कहावत है उम्र के साथ हर एक चीज बदल जाती है, लेकिन कुछ लोगों के लिए उम्र महज एक नंबर होती है। इस कहावत पर भारतीय मेंन्स डबल्स के टेनिस स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना बिल्कुल खरे उतरे हैं। जनवरी 2024 में भारत के रोहन बोपन्ना मेंन्स डबल्स वर्ग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी बन गये। 43 साल के बोपन्ना यह उपलब्धि अपने साझीदार मेथ्यू एबडेन के साथ ऑस्ट्रेलिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर हासिल की। रोहन बोपन्ना डबल्स वर्ग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी बनने वाले चौथे भारतीय हैं। इससे पहले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा डबल्स में नंबर एक पायदान हासिल कर चुके हैं। हाल ही में पुरूष टेनिस में विश्व कें नंबर 1 खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रोहन बोपन्ना की प्रशंसा करते हुये लिखा उम्र सिर्फ एक नंबर है जो कि हमारे लिए 'नंबर-1' है। टेनिस इतिहास में पहली बार दो पुरूष टेनिस रैंकिंग में सिंगल्स और डबल्स के टॉप पर सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों ने एक साथ जगह बनायी है। नोवाक जोकोविच 36 साल 321 दिन की उम्र में एटीपी पुरूष सिंगल्स रैंकिंग में सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर 1 बन गए। वहीं भारत के रोहन बोपन्ना इसी साल जनवरी में 43 साल और 331 दिन की उम्र में सबसे उम्रदराज टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी बन गये थे। इसी वर्ष मार्च में मियामी ओपन 2024 अपने



साथी जोड़ीदार मैथ्यु एबडेन के साथ जीता। 44 साल की उम्र में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इसी साल जनवरी में रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया ओपन जीता। यह रोहन बोपन्ना के कैरियर का पहला मेंन्स डबल्स ग्रैंड स्लेम खिताब है। उन्होंने कुल दो ग्रैंड स्लैम टाइटल खिताब जीते हैं। इससे पहले 2017 में कनाडा की गैब्रियला डाब्रोवस्की के साथ फ्रेंच ओपन मिश्रित डबल्स खिताब जीता था। रोहन बोपन्ना ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरूश खिलाड़ी बन गये हैं। उन्होंने जीन जूलियर रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया नीदरलैंड के जीन ने 2022 में 40 साल और 9 महीने की उम्र में फ्रेंच ओपन का मेंन्स डबल्स टाइटल का खिताब जीता था। 2023 में चीन में आयोजित हुये एशियन खेल में रोहन बोपन्ना और महिला साथी ऋतुजा भोंसले के साथ मिलकर भारत के लिए मिक्स डबल्स में टेनिस में स्वर्ण पदक जीता। रोहन बोपन्ना सन् 2002 से भारत की डेविस कप टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने 2012 और 2016 के ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। रोहन बोपन्ना ने पहली बार 2007 में पाकिस्तान के ऐसाम-उल-कुरैशी के साथ जोड़ी बनायी थी। इस जोड़ी को भारत-पाक एक्सप्रेस के नाम से जाना जाने लगा। इन्होंने अपना पहला एटीपी लॉस एंजिल्स में अपने साथी एरिक बुटोरैक के साथ साल 2008 में जीता था। इन्हें 2019 में भारत के दूसरे सर्वोच्च खेल सम्मान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2024 में रोहन बोपन्ना को अन्य छह खिलाड़ियों के साथ भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। रोहन बोपन्ना की स्वर्णिम उपलब्धियों का सम्मान करते हुये उन्हें देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिये। टेनिस के इस महान खिलाड़ी पर एक बायोपिक बननी चाहिए ताकि इस महान खिलाड़ी के जीवन संघर्ष को सभी देशवासी जान सकें। टेनिस में किसी भी खिलाड़ी के खेलने की आदर्श उम्र 30 साल तक होती हैं किन्तु, रोहन बोपन्ना ने 44 साल की उम्र में विश्व जगत में मेन्स डबल्स रैंकिंग में प्रथम पायदान पर पहुंचकर अपनी महानता को साबित किया है। सही मायने में देखा जाए तो वर्तमान युवापीढ़ी के लिए आपसे बेहतर रॉलमॉडल नहीं हो सकता है।

# विकसित उत्तराखंड के संकल्प को भाजपा ही पूर्ण कर सकती है:ललकार

संवाददाता

देहरादून। भाजपा किसन मोर्चा के करनपुर मंडल के महामंत्री कुलदीप सिंह ललकार ने कहा कि विकसित भारत एवं विकसित उत्तराखंड के संकल्प को भाजपा की सरकार ही पूर्ण कर सकती है।

आज यहां भाजपा करनपुर मण्डल के अंतर्गत आने वाले चखुवाला में भाजपा कार्यकर्त्ताओ के द्वारा घर घर जा कर भाजपा की प्रत्याशी रानी राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा करनपुर मण्डल के महामंत्री कुलदीप सिंह ललकार ने कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित करते हुऐ कहा की विकसित



भारत एवं विकसित उत्तराखंड के संकल्प को भाजपा की सरकारें ही पूर्ण कर सकती है। क्योंकि भाजपा ही राष्ट्र के विजन को प्रमुखता देतीं है और अंत्योदय के अंतर्गत सभी के लिये समान समाजिक योजनाओं को लाती है जिसका सभी को लाभ मिलता है। जबकि अन्य दलों द्वारा इक विशेष वर्ग की तुस्टीकरण की नीति के कारण अन्य समाज उससे वंचित रह जाता है केवल भाजपा की नीति ही सब का साथ और सब का विश्वास को चरितार्थ करती है। विकास के इंजन को और अधिक गति मिले इसलिये भाजपा सरकार का होना अति आवश्यक हो जाता है। इस अवसर पर सतीश कपूर, हरीश नारंग, दीपा शाह, अरुण शाह, सौरव डोभाल, सतेंद्र भंडारी, राहुल सोनकर, अमित वर्मा, कृष्ण गोपाल रुहेला, संदीप गुप्ता, जगदीश पोखरियाल, सचिन सोंधी, अनस बेग, मनोज धीमान, चन्दर मोहन अरोड़ा, लक्ष्मी पाल, अनुराधा राणा, विनोद ध्यानी, कुलदीप काला आदि मौजूद थे।

# सामाजिक समरसता सम्मेलन के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक समरसता सम्मेलन कार्यक्रम की तैयारियों के लिए बैठक की।

आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मसूरी विधानसभा के अंतर्गत धोरणवाड़ी चिड़ोवाली में 14 अप्रैल को डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता सम्मेलन के कार्यक्रम में संबंध में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों और कार्यक्रम को सफल बनाने



के लिए कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि 14 अप्रैल को चिड़ोवाली मैदान में सामाजिक समरसता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पूर्ण निष्ठा पूर्वक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान भी किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, निरंजन डोभाल, चुन्नी लाल, मंजीत रावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कानूनी सख्ती से ही थमेंगी बाल तस्करी की घटनाएं

सुरेश राजपूत

बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। दिल्ली में सीबीआइ की छापेमारी के दौरान अस्पताल से नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी में लिप्त हो जाते हैं।

बाल तस्करी की कोई एक वजह नहीं है। लेकिन चिंता की बात यह भी है कि देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है।

हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल तस्करी की गंभीर समस्या पर हमारा ध्यान तभी जाता है, जब किसी गिरोह का पर्दाफाश होता है या बाल तस्करी को लेकर कोई रिपोर्ट जारी होती है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए।

पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुईं। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थीं।

बाल तस्करी की समस्या से भारत ही नहीं, कई दूसरे देश भी जूझ रहे हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके।

# घोषणापत्र पर आरोप-प्रत्यारोप

कांग्रेस ने लोक सभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र -'न्यायपत्र' में महिला, युवा, किसान, गरीबों को न्याय की बात करते हुए 25 गारंटियों पर जोर दिया है।

कांग्रेस ने 10 अलग-अलग न्याय पर आधारित कुल 344 से ज्यादा वादे किए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर पहले ही दिन हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र से साबित हो गया है कि कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है।

उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को उसी सोच का द्योतक बताया जो आजादी के आंदोलन में मुस्लिम लीग की थी, लेकिन कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं क्योंकि वह कोई और नहीं, बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। अलबत्ता, इसमें ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) की बाबत कोई आस्ति नहीं है। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम के मुताबिक, ओपीएस को लेकर सरकार की समिति की रिपोर्ट का इंतजार है, इसलिए इस मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल नहीं किया गया है।

बहरहाल, घोषणापत्र, जिसे कांग्रेस ने न्यायपत्र-2024 कहा है, या संकल्पपत्र, जैसा कि भाजपा अपने घोषणापत्र को कहती है, चुनाव में दावेदारी पेश करने वाली हर पार्टी जारी करती है। पहली बार है, जब कांग्रेस ने देश में व्याप्त 'डर' की बात जोर-शोर से कही है।

पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी करते समय दो सवालों को जनता की तरफ उछाला है, जिनसे घोषणापत्र हवा-हवाई घोषणाओं को पुलिंदा भर न दिखे। पार्टी ने आमजन से पूछा है, क्या आज आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है, और दूसरा सवाल यह कि क्या आपका मन भयमुक्त है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों को एमएसपी देने संबंधी वादा भी महत्वपूर्ण बिंदु है। यह मुद्दा किसानों के लिए बेहद संवेदनशील रहा है, और वे काफी समय से इसके लिए मांग मुखर करते रहे हैं। बहरहाल, देखा जाना है कि पक्ष-विपक्ष अपने-अपने घोषणापत्रों को कितना साकार कर पाएंगे जो हर बार चुनाव-बाद प्रायः उपेक्षित रह जाते हैं। (आरएनएस)

# चेरी का रोजाना करें सेवन, स्वास्थ्य को मिलेंगे ये फायदे



चेरी के लिए अगर यह कहा जाए कि देखन में छोटन लगे, असर करे भरपूर तो कुछ गलत नहीं होगा क्योंकि दिखने में छोटी-छोटी चेरियां स्वाद के साथ-साथ कई पोषक गुणों का खजाना हैं। इसलिए इनका सेवन शारीरिक और मानसिक दोनों ही तरह के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक माना जाता है। आइए आज हम आपको चेरी के फायदों से परिचित कराते हैं जिन्हें जानने के बाद आप इसे अपनी डाइट में शामिल करने पर मजबूर हो जाएंगे।

एंटी-ऑक्सीडेंट गुण से होती हैं युक्त

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के मुताबिक, चेरी एंटी-ऑक्सीडेंट गुण से समृद्ध होती हैं। यह गुण शरीर को मुक्त कणों से बचाने में मदद करता है। मुक्त कणों के कारण ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस होता है जिससे कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, अल्जाइमर और नेत्र रोग जैसी कई बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए डाइट में चेरी को शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

वजन नियंत्रित करने में हैं सहायक

गलत खान-पान और बिगड़ती दिनचर्या के कारण वजन बढ़ना आम है। इससे निजात के लिए लोग तरह-तरह के उपाय जैसे डाइटिंग, व्यायाम आदि का सहारा लेते हैं, लेकिन अगर इन चीजों के साथ चेरी को डाइट में शामिल कर लिया जाए तो बढ़ते वजन से जल्द छुटकारा पाया जा सकता है। एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार, चेरी में फाइबर मौजूद होता है जो चयापचय को बेहतर करके अतिरिक्त फैट को कम करने में मदद करता है।

अनिद्रा से काफी हद तक दिलाता है राहत

सोने की कोशिश करना और कोशिश करने के बाद भी नींद का न आना आदि इंसोमेनिया यानि अनिद्रा (नींद न आने की समस्या) के लक्षण हो सकते हैं। हालांकि अगर आप अपनी डाइट में चेरी को शामिल करते हैं तो आप इस समस्या से जल्द राहत पा सकते हैं। दरअसल, चेरी में मेलाटोनिन नामक एक खास तत्व पाया जाता है जो नींद में सुधार करने का काम कर सकता है।

हृदय को स्वस्थ रखने में करती हैं मदद

एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के में इस बात जिक्र मिलता है कि चेरी में शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो मुक्त कणों से हृदय को पहुंचने वाली क्षति और हृदय की कोशिकाओं में आने वाली सूजन को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा चेरी में बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण भी मौजूद होता है जो हृदय जोखिमों से राहत देने में कारगर है।

# पृथ्वीराज सुकुमारन की आदुजीवितम ने खूब छापे नोट

पृथ्वीराज सुकुमारन और अमला पॉल स्टारर आदुजीवितम द गोट लाइफ सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है. ये फिल्म रिलीज से पहले काफी चर्चा में थी और 28 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तके देने के बाद इसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. फिल्म की ओपनिंग काफी शानदार रही और इसने पहले हफ्ते में खूब नोट बटोर लिए. वहीं दूसरे हफ्ते में भी पृथ्वीराज सुकुमारन की ये फिल्म सिनेमाघरों में छाई हुई है.

सर्वाइवल ड्रामा आदुजीवितम द गोट लाइफ को बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्म क्रू और हॉलीवुड फिल्म गॉडजिला एक्स कॉन्ग से टक्कर मिल रही है. बावजूद इसके पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म सिनेमाघरों में शानदार परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म की इमोशनल कर देने वाली कहानी ने लोगों का दिल जीत लिया है. इसी के साथ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन भी कर लिया है. ये फिल्म मलयालम भाषा में सबसे ज्यादा कारोबार कर रही है।

फिल्म की कमाई क बात करें तो इसने पहले दिन 7.6 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला था. दूसरे दिन फिल्म ने 6.25 करोड कमाए थे. वहीं तीसरे दिन 7.75 करोड़, चौथे दिन 8.7 करोड़, पांचवें दिन 5.4 करोड़, छठे दिन 4.4 करोड़, पांचवें दिन 5.4 करोड़, छठे दिन 4.4 करोड़, सातवें दिन 3.75 करोड़ और आठवें दिन 3.15 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ आदुजीवितम द गोट लाइफ की एक हफ्ते की कुल कमाई 47 करोड़ रुपये हो गई. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है. दूसरे शुक्रवार फिल्म ने 2.7 करोड़ और दूसरे शनिवार 3.9 करोड़ की कमाई की थी. वहीं अब आदुजीवितम द गोट लाइफ के 11वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीवितम द गोट लाइफ ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे संडे 5 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ आदुजीवितम द गोट लाइफ का 11 दिनों का कुल कलेक्शन अब 58.60 करोड़ रुपये हो गया है.

आदुजीवितम द गोट लाइफ ने वर्ल्डवाइड भी गर्दा उड़ाया हुआ है. इस फिल्म को दुनियभार के दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इसी के साथ आदुजीवितम द गोट लाइफ वर्ल्डवाइड 100 करोड़ के पार हो चुकी है.

# गलत तरीके से शहद का सेवन पड़ सकता हैं महंगा, जानें कैसे



शहद एक प्रकार स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ है। साथ ही इसे औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शहद से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

ये शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाता हैं। लेकिन अगर शहद का प्रयोग सही तरीके से न किया जाए तो यह सेहत के लिए काफी हानिकारक है। आज हम आपको बताएंगे शहद का सेवन किस तरह से नहीं करना चाहिए।

मूली के साथ न करें सेवन: मूली के साथ शहद का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद ही नुकसानदयक हो सकता है। मूली और शहद को एक साथ खाने से आपकी बॉडी में टॉक्सिन्स बनने लगते है। जिससे आपकी कई तरह की हैल्थ प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है।

चाय या कॉफी के साथ: चाय या कॉफी के साथ शहद का सेवन न करें। इससे शरीर का तापमान बढ़ता है जिससे घबराहट और स्ट्रेस बढ़ता है।

गर्म पानी में शहद: अक्सर यह सलाह दी जाती है कि गर्म पानी के साथ शहद का सेवन करना चाहिए, लेकिन अगर आप शहद के साथ ज्यादा गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो यह नुकसानदेह हो सकता है। काफी लोग मोटापे से छुटकारा पाने के लिए गर्म पानी में शहद डालकर पीते हैं जो कि गलत है। ज्यादा गर्म पानी में शहद मिलाकर पीने से शरीर में गर्मी पैदा होने लगती है, जिससे पेट संबंधित प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है।



# दुनियाभर में बजा क्रू का डंका

करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म क्रू पूरी दुनिया में धमाल मचा रही है. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी इस कॉमेडी फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. यही वजह है कि करीना की ये मूवी हर रोज करोड़ों में कमाई कर रही है. वहीं अब फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

बता दें कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है. वहीं अब फिल्म ने महज 9 दिनों में 1०० करोड़ रुपये कमा लिए हैं. जी हां, फिल्म ने 1०० करोड़ के क्लब में एंट्री ले ली है. इस बात की जानकारी फिल्म की हीरोइन करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर शेयर की है. करीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है क्रू ने वर्ल्डवाइड 1०4.8 करोड़ के से ज्यादा की कमाई कर चुकी है. इसी के साथ करीना की क्रू इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म पांचवीं फिल्म बन गई है. बता दें कि इससे पहले फाइटर, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, आर्टिकल 37० और शैतान ने 1०० करोड़ के क्लब में अपनी जगह बनाई थी. इन आंकड़ों को देखने के बाद ये कहना गलत नहीं होगा कि अब जल्द ही करीना की ये फिल्म एक और रिकॉर्ड तोडने़ वाली है. बता दें कि साल 2०18 में आई  वुमेन सेंट्रिक फिल्म वीरे दी वेडिंग ने दुनियाभर में 138.95 करोड़ रुपये की कमाई की थी. ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि करीना की हालिया फिल्म उनकी ही 6 साल पहले आई फिल्म का ये रिकॉर्ड तोड़ पाती है या नहीं. घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने हाफ सेंचुरी पार कर ली है. शनिवार को क्रू ने 5.25 करोड़ रुपये की कमाई की है. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 9 दिनों में कुल 52.7 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है. रविवार को फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिल सकता है. वैसे भी ये वीकेंड करीना की फिल्म के लिए काफी अहम है क्योंकि शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हुई है. इसका फायदा क्रू की कमाई पर पड़ सकता है. क्रू की कहानी कोहिनूर एयरलाइंस में काम करने वाली 3 एयर होस्टेस गीता सेठी (तब्बू), जैस्मिन राणा (करीना) और दिव्या बाजवा (कृति) के इर्द-गिर्द घूमती है। इन तीनों को अपने जीवन की कठिनाइयों से निपटने के लिए ऐसे काम करने पर मजबूर किया जाता है, जिनसे वे नफरत करती हैं।तीनों की जिंदगी में आफतों का तूफान तब आता है, जब एयरलाइंस दिवालिया हो जाती है और बाकी क्रू सदस्यों के साथ ही उन्हें भी पैसों की किल्लत होती है। (आरएनएस)

# अजय देवगन की शैतान ने फिर पकड़ी रफ्तार

अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 1 महीना पूरा हो चुका है और यह 5 सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर कब्जा किए बैठी है।पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई थी और अब वीकेंड पर फिल्म ने फिर अपनी रफ्तार पकड़ी है।अब शैतान की कमाई के 31वें दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें इजाफा देखने को मिला है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, पांचवें दिन रविवार यानी 31वें दिन शैतान ने 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 143.3० करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में इस फिल्म ने 2०4.87 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया है। ज्योतिका और जानकी बोदीवाला ने भी इस फिल्म में अपने अभिनय का तडका लगाया है। अब अजय फिल्म मैदान में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी पहली बार प्रियामणि के साथ बनी है।यह फिल्म 1० अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म की कहानी अमन राय और अतुल शाही ने लिखी है।सिनेमाघरों में मैदान का मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होने वाला है। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों जरूरी है

पिछले कुछ वर्षों में एवोकाडो कई लोगों के नाश्ते का मुख्य हिस्सा बन गया है।इसका कारण है कि यह मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड, फाइबर, पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन–श्च जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है।हालांकि, ये फायदे तभी मिल सकते हैं, जब इस सुपरफूड को धोने और स्टोर करने का तरीका सही हो।आइए जानते हैं कि एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों जरूरी है और इसे कैसे स्टोर किया जा सकता है।



एवोकाडो को खाने से पहले धोना क्यों महत्वपूर्ण है

विशेषज्ञों के मुताबिक, एवोकाडो के छिलके पर साल्मोनेला और लिस्टेरिया जैसे हानिकारक बैक्टीरिया होते हैं।ऐसे में इसे ठीक से न धोया जाए तो छिलके से बैक्टीरिया चाकू पर, फिर उससे फल के जरिए हमारे शरीर में जा सकते हैं, जो मतली, उल्टी, दस्त और बुखार जैसी खाद्य जनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं।इन बैक्टीरिया से गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में गंभीर जटिलताओं का खतरा अधिक होता है।

एवोकाडो को धोने का सही तरीका

एवोकाडो को धोने का सबसे साधारण और प्रभावी तरीका इसे ठंडे पानी से धोना है।लाभ के लिए एवोकाडो को बिना काटे ठंडे बहते पानी से धोएं और साबुन या कठोर डिटर्जेंट का इस्तेमाल करने से बचें।आप चाहें तो अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एवोकाडो पर सब्जी वाला ब्रश फेरें।एवोकाडो को धोने के बाद इसे पेपर टॉवल से थपथपाकर सुखा लें। यह तरीका बैक्टीरिया को फैलने से रोकने में काफी मदद कर सकता है।

एवोकाडो के सेवन से मिलने वाले फायदे

एवोकाडो में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय रोगों के जोखिमों को कम करने में कारगर है।इसके अतिरिक्त एवोकाडो में कई तरह के विटामिन्स और मिनरल्स समेत फाइबर की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में अहम भूमिका निभा सकती है।इसके साथ ही इसमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड वसा को बढने़ से रोकने में मदद कर सकता है।

एवोकाडो को स्टोर करने के तरीके

एवोकाडो को कभी भी फ्रिज में स्टोर नहीं करना चाहिए।इसका कारण है कि फ्रिज में रखने से इसके पकने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है, जिससे ये इस्तेमाल करने योग्य नहीं रह जाते हैं।इसके अलावा ठंडे तापमान से एवोकाडो की बनावट भी बिगड़ जाती है, जिससे ये जल्दी सड़ सकते हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि एवोकाडो को हमेशा कमरे के तापमान पर संग्रहित करना चाहिए। (आरएनएस)

# साइलेंस 2 से प्राची देसाई की पहली झलक आई सामने

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2०21 में आई फिल्म साइलेंस की दूसरी किस्त है।इस फिल्म में प्राची देसाई, अर्जुन माथुर और बरखा सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।हाल ही में साइलेंस 2 का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया।अब साइलेंस 2 से प्राची की पहली झलक सामने आ चुकी है। फिल्म में उनके किरदार का नाम इंस्पेक्टर संजना हैं।




ज़ी स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, यहां तक कि एक महान पुलिसकर्मी को भी मामले को सुलझाने के लिए एक शानदार टीम की आवश्यकता होती है। पेश है एसीपी अविनाश की सबसे भरोसेमंद सहयोगी – इंस्पेक्टर संजना।साइलेंस 2 का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म के पहले भाग को भी आप जी5 पर देख सकते हैं।साइलेंस 2 का निर्देशन अबन भरूचा देवहंस कर रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -131

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |




# करण जौहर की किल को मिली रिलीज तारीख

करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की अगली फिल्म किल की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म का पोस्टर साझा किया और फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा भी किया। निखिल नागेश भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म इस साल जुलाई के महीने में भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है।

करण जौहर ने पोस्टर साझा करते हुए खुलासा किया कि किल पांच जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में लक्ष्य लालवानी के चेहरे पर घाव हैं और गर्दन पर चाकू रखा है। उनका लुक खतरनाक और इंटेंस है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, खून, खून और खून। हम आपके लिए इस बेहतरीन फिल्म को प्रदर्शित कर रहे हैं । किल भारत में जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में।

इस फिल्म का प्रीमियर पिछले साल टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के मिडनाइट मैडनेस सेक्शन में हुआ था। किल उन दस में से एक थी, जिसे प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में प्रदर्शन के लिए चुना गया था। एक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से खबर की पुष्टि करते हुए फिल्म निर्माता ने एक्शन फिल्म का पहला लुक जारी किया था।

फिल्म के कलाकारों में तान्या मानिकतला और राघव जुयाल भी शामिल हैं। निखिल नागेश भट्ट को हुरदंग के निर्देशन के लिए जाना जाता है, जिसमें सनी कौशल, विजय वर्मा और नुसरत भरुचा ने अभिनय किया था। लक्ष्य लालवानी ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस खबर की घोषणा की। इंडस्ट्री के उनके दोस्तों ने इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जान्हवी कपूर ने लिखा, आपके लिए बहुत उत्साहित हूं। वहीं तारा सुतारिया ने कहा, बधाई हो और इसे मार (किल) डालो।

# थम्मुडु के बाद नितिन की नई फिल्म रॉबिनहुड का किया ऐलान फर्स्ट लुक भी जारी

हीरो नितिन अपनी अगली रिलीज में रॉबिनहुड के रूप में रोमांचित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन वेंकी कुदुमुला कर रहे हैं, जिन्होंने पहले उन्हें ब्लॉकबस्टर भीष्म प्रदान की थी। मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस हास्यपूर्ण एक्शन एडवेंचर के टीजर में अभिनेता एक डाकू के रूप में दिखाई दिए। वेंकी कुदुमुला ने निथिन के चरित्र को अपनी तरह के पहले तरीके से दिखाया।

नितिन के 41वें जन्मदिन के खास मौके पर रॉबिनहुड के निर्माता एक नया पोस्टर लेकर आए हैं। फिल्म में ट्रेंडी लुक में नजर आने वाले नितिन ने बर्थडे स्पेशल पोस्टर में अपना बेजोड़ स्वैग और स्टाइल दिखाया है। ब्लूटूथ डिवाइस पर बात करते हुए और शानदार ढंग से चलते हुए, नितिन को अपनी पैंट में हथियार डाले हुए देखा जाता है। वह एक एजेंट की तरह दिखता है और टी-शर्ट पर नाम लिखा है- एजेंट आरएच (रॉबिनहुड)। ब्लैक शेड्स और घड़ी पहने नितिन पोस्टर में बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। नितिन के प्रशंसकों के लिए यह एक सुखद आश्चर्य है।




नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर फिल्म के निर्माता हैं जिसमें विभिन्न शिल्पों का ध्यान रखने वाले शीर्ष तकनीशियन होंगे। फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता जीवी प्रकाश कुमार का संगीत है, जिन्होंने झलक के लिए आकर्षक स्कोर प्रदान किया है। साई श्रीराम सिनेमैटोग्राफी संभालते हैं, जबकि प्रवीण पुडी संपादक हैं और राम कुमार कला निर्देशक हैं। फिल्म में नाता किरीटी राजेंद्र प्रसाद और वेनेला किशोर अहम भूमिका निभा रहे हैं। (आरएनएस)

# कृतिका ने योद्धा में अपनी भूमिका के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का लिया सहारा



हाल ही में रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत फिल्म योद्धा में प्रशिक्षु पायलट तान्या शर्मा की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस कृतिका भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार को अच्छे से निभाने के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया।

एक्ट्रेस हिट स्ट्रीमिंग शो मिसमैच्ड का हिस्सा रही हैं, और मिसमैच्ड 2 के शूटिंग शेड्यूल के अंत में उन्हें योद्धा में भूमिका मिली।

एक्ट्रेस ने कहा कि मिसमैच्ड 2 में सिमरन का किरदार निभाकर महत्वाकांक्षी पायलट तान्या का किरदार निभाना वाकई दिलचस्प था।

एक्ट्रेस ने कहा, मैंने उन सभी तकनीकी शब्दों को गहराई से सीखने के लिए एरोप्लेन सिमुलेशन गेम का सहारा लिया। योद्धा के अंत में कॉकपिट दृश्यों की चरणबद्ध तरीके से शूटिंग स्वाभाविक रूप से कहानी के साथ प्रवाहित होती है। योद्धा में मेरा पहला दृश्य जहां में सिद्धार्थ के किरदार से टकराती हूं, ऐसा लगा कि यह वास्तविक जीवन में मुठभेड़ जैसा है। इसने हर चीज को वास्तविक और सहज बना दिया।

उन्हें फिल्म में यह भूमिका कैसे मिली, इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जून 2021 में मैंने एक प्रोजेक्ट के लिए ऑडिशन दिया, बिना यह जाने कि यह योद्धा के लिए है। अक्टूबर में मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग के दौरान मुझे पंचमी की टीम से फोन आया और मुझे लुक टेस्ट के लिए निर्देशकों के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद इस भूमिका के लिए मेरी पुष्टि हो गई। मैंने 24 नवंबर को मिसमैच्ड सीजन 2 की शूटिंग पूरी की और 27 नवंबर तक मैं योद्धा के सेट पर थी।



सिद्धार्थ के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा , सिद्धार्थ के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था, वह अविश्वसनीय रूप से गर्मजोशी से भरा था। मेरे सभी सीन उनके साथ थे, इससे यह अनुभव और भी बेहतर हो गया। इंडस्ट्री में नया होने के बावजूद मुझे उनके आसपास कभी भी नौसिखिया जैसा महसूस नहीं हुआ। एक्ट्रेस ने कहा, एक्शन सीक्वेंस निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन वे उत्साहवर्धक और अनुभव देने वाले थे। मुझे याद है कि सिड ने कहा था कि उन्होंने अपनी यात्रा 26 साल की उम्र में शुरू की थी, जो संयोग से वही उम्र है जो मेरी योद्धा की शूटिंग के दौरान थी। ऐसा लगा जैसे हमने अपने करियर में एक जैसी यात्रा साझा की है। (आरएनएस)

# उस्ताद इलैयाराजा की जिंदगी को पर्दे पर उतारने को तैयार धनुष



बॉलीवुड और साउथ सुपरस्टार धनुष ने अपने नये प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। एक्टर जल्द ही एक बायोपिक में दमदार रोल निभाने वाले हैं। एक्स (ट्विटर) पर धनुष ने एक पोस्टर के साथ फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है। धनुष साउथ फिल्म इंडस्ट्री के महान संगीतकार उस्ताद इलैयाराजी का किरदार निभाएंगे। धनुष अपने अंदाज में इलैयाराजी की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। फिल्म डायरेक्टर अरुण मथेश्वरन इलैयाराजी के जीवन को बड़े पर्दे पर दिखाना चाहते हैं। वहीं इलैयाराजा के बेटे हैं युवान शंकर राजा ने प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है। इलैयाराजा की बायोपिक से धनुष की पहली झलक सामने आ चुकी है। चन्नई में एक कार्यक्रम में फिल्म का पहला पोस्टर लॉन्च किया गया है। दिग्गज एक्टर कलम हासन ने भी इस इवेंट में शामिल हुए थे जिन्होंने पोस्टर लॉन्च किया था।

इलैयाराजा की फिल्म के पोस्टर को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कमल हासन, वेट्री मारन, गंगई अमरेन और भारतीराजा की उपस्थिति में लॉन्च किया गया था। फिल्म, जिसका नाम इलैयाराजा ही रखा गया है। नीरव शाह को सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।पोस्टर में युवा धनुष कंधे पर बैग लटकाए दुनिया से मुकाबला करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। पोस्टर में पुराने चेन्नई को भी दिखाया गया है जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था। पोस्टर शेयर करते हुए धनुष ने कहा कि यह किरदार निभाकर वह सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

इलैयाराजा दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक महान संगीतकार हैं। उनके जीवन को पर्दे पर दिखाना ऐतिहासिक माना जा रहा है। उनकी बायोपिक एक नहीं, बल्कि पांच भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इस फिल्म को आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देख सकते हैं। हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है। फिल्म का म्यूजिक खुद इलैयाराजा तैयार करने वाले हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग इसी साल जुलाई में शुरू होगी तो वहीं यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में धनुष ने संगीत उस्ताद के प्रति गहरा प्यार जताया था। उन्होंने कहा, मैं इलैयाराजा का फैन और भक्त हूं। उनका संगीत मेरा साथी है और यह हर किसी को पसंद आता है। उनका संगीत मेरा अभिनय शिक्षक है। मैं किसी दृश्य से पहले एक गाना या बीजीएम सुनता था – और उसका संगीत मुझे बताता है कि सीन में कैसे अभिनय करना है। कई लोग कहते हैं कि यह एक बड़ी चुनौती और जिम्मेदारी है, लेकिन, मुझे ऐसा नहीं लगता।वह मेरे साथ रहे हैं और हमेशा मेरे साथ रहेंगे। (आरएनएस)

# भारत-ब्रिटेन व्यापार सौदे के संभावित परिणाम

अजय श्रीवास्तव

पिछले माह 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि वे साझा लाभ वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्दी अंजाम तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। हम आशा कर सकते हैं कि चुनाव के बाद देश में नई सरकार बनते ही भारत-ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के लिए एफटीए नई व्यापार साझेदारियां स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है।

इस बीच भारत भी तेजी से नए एफटीए को अंजाम दे रहा है मानो वह अपनी संरक्षणवादी छवि में बदलाव कर रहा हो। यह बदलाव तब आया जब नवंबर 2०19 में भारत अचानक 16 देशों वाली क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) वार्ता से बाहर हो गया।

बीते चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) के देशों मसलन स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टनस्टाइन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के साथ एफटीए आरसेप से बाहर आने के बाद भारत का पांचवां एफटीए होगा। भारत के एफटीए साझेदारों ने तेज वार्ता की रणनीति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है क्योंकि भारत के साथ एफटीए उन्हें एक बड़े उभरते बाजार तक पहुंच प्रदान करता है वह भी उच्च टैरिफ से बचकर।

माना जा रहा है कि एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2०23 में भारत और ब्रिटेन का आपसी व्यापार 57 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत ने जितना खर्च किया उससे 13.34 अरब डॉलर अधिक की राशि अर्जित की। भारत ने 11.4० अरब डॉलर की वस्तुओं और 23.8० अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात ब्रिटेन को किया और उससे 8.96 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और 12.9० अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं की खरीद की।

दोनों देशों ने जनवरी 2०22 में एफटीए को लेकर बातचीत शुरू की। इस वार्ता में 26 विषय शामिल हैं जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, स्रोत के नियम, व्यापार और टिकाऊ विकास, श्रम, लिंग और डिजिटल व्यापार आदि हैं। बातचीत के प्रमुख विषयों में से कुछ के अनुमानित परिणाम इस प्रकार हैं-

वाणिज्यिक उत्पाद व्यापार- भारत ब्रिटेन को जो निर्यात करता है उसका आधा से अधिक हिस्सा यानी करीब 6 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात पेट्रोलियम, औषधि, हीरे, मशीनों के कलपुर्जे, विमान और लकड़ी के फर्नीचर आदि पहले से ही बिना आयात शुल्क के ब्रिटेन जाते हैं। ऐसे में इन निर्यातों को शुल्क दरों में संभावित कमी का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। बहरहाल करीब 5 अरब मूल्य का अन्य निर्यात जिसमें वस्त्र, कपड़ा, जूते-चप्पल, कालीन, कारें, समुद्री भोजन, अंगूर और आम शामिल हैं, उन्हें लाभ होगा क्योंकि अभी उन पर शुल्क चुकाना होता है।

इस व्यापार में ब्रिटेन को अधिक लाभ होगा क्योंकि भारत आने वाले उसके 91 फीसदी उत्पादों पर औसत से उच्च आयात शुल्क लगता है। ऐसे अधिकांश उत्पादों को भारत द्वारा शुल्क हटाए जाने का लाभ मिलेगा। भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों पर आयात शुल्क को 1०० फीसदी से कम करके 5० फीसदी कर सकता है तथा कुछ कारों को वह 25 फीसदी की न्यूनतम शुल्क दर पर भी आने दे सकता है।

इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारत पहले ही शुल्क दर कम कर चुका है और उसे 1०० फीसदी से कम करके 15 फीसदी तक कर दिया गया है। इससे संकेत मिलता है कि भारत ब्रिटेन को बेहतर पेशकश कर सकता है। इसी प्रकार वाइन के मामले में भारत आयात शुल्क को अगले 1० वर्ष में 15० फीसदी से कम करके 25 फीसदी कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया और स्विस वाइन के मामले में ऐसा हो चुका है। यानी कुछ सालों में 9० फीसदी द्विपक्षीय व्यापार शुल्क मुक्त हो जाएगा और व्यापार बढ़ेगा।

सेवा- भारत अपनी सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है। उसने ब्रिटेन से अनुरोध किया है कि वह भारतीय पेशेवरों को अल्पकालिक कामों के लिए प्राथमिकता पर वीजा प्रदान करे। बहरहाल, बड़ी तादाद में अल्पकालिक कामकाजी वीजा पाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन में प्रवासियों को लेकर चिंता बढ़ी है। ब्रिटेन दूरसंचार, विधिक और वित्तीय सेवा क्षेत्र को विदेशी प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दे सकते हैं।

ब्रिटेन के उत्पादकों को भारत सरकार के खरीद वाले क्षेत्रों को बिक्री की इजाजत देना उन्हें भारतीय कंपनियों के समकक्ष बना देगा। वहीं भारतीय कंपनियों को ब्रिटेन में सरकारी खरीद बाजार में तगड़ी प्रतिस्पर्धा और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

गैर कारोबारी मुद्दों पर होने वाली बातचीत में कई जटिल क्षेत्र शामिल हैं जो भारत के घरेलू नीतिगत क्षेत्र और आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकते हैं। उनमें से प्रमुख हैं-

1. भारत अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप को बचाने के लिए डेटा को स्थानीय रूप से रखने का हिमायती है जबकि ब्रिटेन के अबाध डेटा प्रवाह चाहता है और डिजिटल कारोबार के लिए न्यूनतम बाधाएं।

2. एक विकसित देश के रूप में ब्रिटेन को एफटीए में पर्यावरण और श्रम के क्षेत्र में उच्च मानकों को शामिल करना होगा। भारत सख्त प्रावधानों को लेकर सतर्क है क्योंकि वे उस पर आर्थिक बोझ डाल सकते हैं या उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त पर असर डाल सकते हैं।

3. भारत इस बात से अवगत है कि एफटीए में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं मसलन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समझौते, पेरिस समझौते आदि का पालन भी पुरानी गैर बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को प्रवर्तनीय दायित्वों में बदल सकता है। इससे नीति निर्माण का लचीलापन कम हो सकता है और ब्रिटेन द्वारा भारत के कपड़ों और अन्य श्रम आधारित निर्यात पर गैर टैरिफ अवरोध लगाने को उचित ठहराया जा सकता है।

4. भारत ट्रिप्स प्लस मानकों को अपनाने को लेकर भी सतर्क है और यह बात जेनरिक दवा उद्योग तथा दवाओं तक पहुंच को प्रभावित कर सकती है। ब्रिटेन डेटा की विशिष्टता को लेकर ऐसे प्रावधान चाहता है जो जेनरिक दवा बनाने वालों को एक खास समय के लिए मूल कंपनियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सकीय परीक्षण के डेटा पर भरोसा करने से रोकता है। भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता है क्योंकि डेटा विशिष्टता जेनेरिक दवाओं की राह में देरी का सबब बन सकती है। इससे भारत और वे देश प्रभावित हो सकते हैं जो भारत की सस्ती जेनेरिक दवाओं पर निर्भर हैं।

5. एक और दिक्कत यह है कि भारत पहले ही टिकाऊपन, श्रम और बौद्धिक संपदा अधिकारों को लेकर ईएफटीए देशों के साथ एफटीए में कई प्रतिबद्धताएं जता चुका है। अब उसे और महत्त्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं को अपनाने का दबाव झेलना पड़ सकता है।

6. भारत और ब्रिटेन द्विपक्षीय निवेश समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं। ब्रिटेन बिना उसे अंतिम रूप दिए एफटीए पर हस्ताक्षर करने का अनिच्छुक है। दोनों देशों के रवैये में बहुत अंतर है लेकिन एफटीए को पूरा करने के लिए वे सहमत हो सकते हैं।

7. ब्रिटेन की कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) व्यवस्था जनवरी 2०26 से लागू हो सकती है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सीबीएएम के साथ ब्रिटेन के उत्पाद बिना शुल्क के भारत आ सकते है लेकिन ब्रिटेन जाने वाले भारतीय उत्पादों को 12-24 फीसदी तक का शुल्क देना पड़ सकता है। भारत को इसे स्पष्ट करना चाहिए।

ब्रिटेन के साथ एफटीए भारत की 15वीं व्यापक व्यापार संधि होगी और अब वक्त आ गया है कि सरकार इस बात पर प्रकाश डाले कि एफटीए ने किस तरह निर्यात, आयात, निवेश और अन्य क्षेत्रों को प्रभावित किया है। ये जानकारियां कंपनियों को उल्लेखनीय जानकारी दे सकती हैं और मौजूदा व्यापार चर्चाओं को आकार देने में मददगार साबित हो सकती हैं।

## सू- दोकू क्र.131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# मध्यम अवधि की आर्थिक नीति

सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी योजना एक विकसित भारत तैयार करने की है। इस लक्ष्य के लिए कई तिथियों के सुझाव सामने आए, हालांकि सबसे अधिक जिक्र 2०47 का है जब देश की आजादी की 1००वीं वर्षगांठ होगी। ऐसी महत्वाकांक्षा तय करना एकदम उचित है। बहरहाल, ऐसे लक्ष्य के लिए जिस पैमाने पर वृद्धि हासिल करनी होगी उसे हासिल करना आसान नहीं होगा। इसके लिए दशकों तक साल दर साल कम से कम आठ फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी। यदि हम ऐसा कर सके तब जाकर 14,००० डॉलर प्रति व्यक्ति के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच सकेंगे जो उच्च आय वाले देशों के लिए वर्तमान मानक है।

अब तक करीब छह देशों ने यह स्तर हासिल किया है। परंतु ऐसी वृद्धि हासिल करना संभव है। चीन वर्षों की तेज वृद्धि के बाद अगले कुछ वर्षों में 14,००० डॉलर का स्तर प्राप्त कर सकता है। यह स्थिति तब है जबकि हाल के दिनों में चीन की आर्थिक गति कमजोर पड़ी है। पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों ने भी इस समय में तेज वृद्धि बरकरार रखी है।

भारत जैसे जटिल देश में यह स्पष्ट है कि ऊंची और टिकाऊ वृद्धि अपने आप नहीं आएगी। वर्तमान परिदृश्य में तो ऐसा ही प्रतीत होता है। सन 199० और 2००० के दशक की स्वर्णिम अवधि के उलट आज वैश्विक हालात प्रतिकूल हैं। महत्वाकांक्षी विकासशील देशों के लिए भी हालात मुश्किल हैं। इसकी कई वजह हैं। पहली, कारोबारी व्यवस्था बहुत सीमित हो गई है क्योंकि विभिन्न देश ऐसी औद्योगिक नीतियों में व्यस्त हैं जहां घरेलू सब्सिडी और शुल्क दरों से जुड़े प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। दूसरा, अमेरिका और चीन के बीच छिड़े शीतयुद्ध ने मूल्य श्रृंखलाओं को विभाजित कर दिया और निवेश रणनीतियों को जटिल बना दिया। तीसरा, तकनीकी बदलावों ने किफायती श्रम लागत के इर्दगिर्द बनी विकास नीतियों को मुश्किल बना दिया है।

अन्य वृहद रुझानों को भी इसमें शामिल करना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा पर्यावरण के अनुकूल बदलावों का असर शामिल है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता भारत समेत किसी भी देश की क्षमता को प्रभावित करती है। उन्हें सस्ती ऊर्जा के लिए घरेलू कोयले पर निर्भर रहना पड़ता है।

इससे औद्योगीकरण की लागत बढ़ती है क्योंकि मध्यवर्ती वस्तुएं बनाने के लिए उच्च लागत वाली तकनीकों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निकल जैसे नए संसाधन और जिंस विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक असर डालते हैं तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हालात को मुश्किल बनाने का काम करते हैं। ऐसे में यह मानना अतिरिक्त रूप से आशावादी होगा कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय उचित नीतियां बनाकर इन जटिल वैश्विक और आर्थिक हालात से आसानी से निपट सकेंगे। ऐसा रवैया भारत को आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में कुछ बेहतर स्थिति में रख सकता है लेकिन इससे विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक टिकाऊ वृद्धि हासिल होती नहीं दिखती।

ऐसे में मध्यम अवधि में अधिक सुसंगत नीति बनाने का कोई अन्य विकल्प नहीं नजर आता जो वृद्धि और विकास के लिए जरूरी विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों को एकीकृत कर सके तथा उपरोक्त रुझानों और शक्तियों का भी ध्यान रखे। जरूरी नहीं कि मध्यम अवधि की ऐसी रणनीतियों को भी अतीत की पंचवर्षीय योजनाओं की सांविधिक शक्ति की आवश्यकता हो। परंतु वे विभिन्न मंत्रालयों में नीति निर्माण को लेकर अहम निर्देश दे सकती हैं जो अन्यथा लंबी या मध्यम अवधि के नियोजन में क्षमता की कमी के शिकार होते हैं। इस कार्य की वास्तविक जगह नीति आयोग होगी।

सरकार का यह आंतरिक थिंक टैंक अपनी बौद्धिक क्षमता को बढ़ा सकता है और उसे वृद्धि के लिए मध्यम अवधि का खाका तैयार करने का काम दिया जा सकता है जिसे समय-समय पर आंतरिक और बाह्य विकास के लिए समायोजित किया जा सकता है।(आरएनएस)

# क्विज कंपीटीशन में रॉबिन जॉन रहे प्रथम विजेता

संवाददाता

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोजित फेसबुक क्विज कंपीटीशन में रॉबिन जॉन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आज यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित फेसबुक क्विज कंपीटीशन के विजेताओं के नाम की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी .आर. सी. पुरुषोत्तम ने कंप्यूटर के माध्यम से लकी ड्रा निकाले। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान एवं निर्वाचन के प्रति जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई अनूठी पहल के क्रम में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक में 03 अप्रैल, 2024 से मतदाता जनजागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।




प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 2000 और तृतीय पुरस्कार 1000 तय किया गया था। प्रतियोगिता में 03 अप्रैल से 09 अप्रैल 2024 तक प्रतिभागियों ने 2700 कमेन्ट किये। जिनमें 1709 कमेन्ट सही पाये गये। सही पाए जाने वाले 1709 उत्तर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा लकी ड्रॉ के माध्यम से तीन विजेताओं का नाम चयनित किया गया। लकी ड्रा के माध्यम से प्रतियोगिता में प्रथम विजेता रॉबिन जॉन, द्वितीय विजेता सुश्री नन्दिनी रावत और तृतीय विजेता अशोक रहे।

# मोटरसाईकिल एक्सीडेंट में एक की मौत दो घायल

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको हिमालय हास्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि 108 के माध्यम से थाना रानीपोखरी को सूचना प्राप्त हुई की रानीपोखरी क्षेत्रान्तर्गत, रेनापुर मोड़ पर एक मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें तीन व्यक्ति घायल हो गए हैं, सूचना पर तत्काल थाना रानीपोखरी से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। गम्भीर रूप से घायल तीनो युवकों को तत्काल 108 के माध्यम से उपचार हेतु हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट भेजा गया। जहां दौराने उपचार 01 युवक की मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में घायल अन्य दोनो व्यक्तियों का हिमालयन अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक की पहचान विकास पुत्र नन्हेलाल निवासी मकान नंबर 72 आजाद कॉलोनी चंद्रेश्वर नगर, थाना पटेल नगर देहरादून के रूप में हुई तथा घायलों में समीर पुत्र रवीश निवासी आजाद कॉलोनी चंद्रेश्वर नगर थाना पटेल नगर, आमिर उर्फ नंदू पुत्र फुरकान निवासी आजाद कॉलोनी चंद्रेश्वर नगर थाना पटेल नगर के रूप में हुई।

# 6 पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 6 पेटी अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली रानीखेत पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई शराब तस्कर अवैध शराब की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसएसटी टीम ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को रानीखेत क्षेत्रान्तर्गत चिंघारीखाल में एक संदिग्ध ऑल्टो कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। कार की तलाशी के दौरान उसमें रखी 6 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम मनोज सिंह नेगी (34)पुत्र चन्दन सिंह नेगी निवासी ग्राम जेठा पंतकोटली, रानीखेत बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ कोतवाली रानीखेत में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।



## फाइनेंसकर्मी से लाखों की लूट करने..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

जनपद सहारनपुर व अरूण उर्फ राजा को लक्सर बाजार थाना लक्सर जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया गया है। एसटीएफ के अनुसार गिरफ्तार किये गये दोनो लुटेरे शातिर किस्म के बदमाश है जिन पर पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है।

# लोकसभा चुनाव के दौरान शराब की 9000 पेटियां बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। लोकसभा चुनाव के दौरान सतपुली के श्रीराम एग्रीकल्चर बॉटलिंग प्लांट में करीब 9000 विभिन्न ब्रांड के शराब की पेटियां पकड़े जाने से हड़कंप मच गया है। हैरानी की बात यह है कि जिस बॉटलिंग प्लांट में शराब का जखीरा पकड़ा गया है उसका लाइसेंस रिन्यू ही नहीं हुआ है। ऐसे में आबकारी विभाग सवालों के घेरे में है। कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने इसके लिए सीधे तौर पर आबकारी कमिश्नर को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें सस्पेंड करने की मांग चुनाव आयोग से की है। साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि भाजपा प्रत्याशी शराब के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं। उनका आरोप है कि यह पूरी शराब बड़े अधिकारियों की देखरेख के बगैर यहां पहुंच ही नहीं सकती है। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच करने की भी मांग की है।

बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने सोशल मीडिया में एक वीडियो के जरिए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गोदियाल के अनुसार उनको श्रीराम एग्रीवेंचर बॉटलिंग प्लांट में भारी मात्रा में शराब पहुंचने की जानकारी मिली थी। जिसकी सूचना उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को दी। साथ ही कांग्रेस प्रदेश



❑कांग्रेस ने भाजपा व आबकारी विभाग पर लगाये गम्भीर आरोप

महासचिव कवींद्र इस्टवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता भी बॉटलिंग प्लांट में पहुंचे और अधिकारियों से बॉटलिंग प्लांट को सील करने की मांग की।

इस्टवाल का कहना है कि बॉटलिंग प्लांट में स्टॉक रजिस्टर भी नहीं था। कई बार कहने के बाद भी स्टाक रजिस्टर नहीं दिखाया गया। बल्कि यह कहा गया कि स्टॉक रजिस्टर प्लांट में उपलब्ध नहीं है। उसे कहीं दूसरी जगह से मंगाया जाएगा। ऐसे में सवाल यह है कि जब बॉटलिंग प्लांट का लाइसेंस रिन्यू नहीं हुआ तो फिर वहां शराब कैसे पहुंची और किसने पहुंचाई? इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उनका आरोप है कि यह शराब चुनाव को प्रभावित करने के लिए मंगाई गई है। भाजपा शराब से चुनाव में माहौल खराब करना चाहती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार थाना सतपुली से मौके पर टीम सहित थानाध्यक्ष दीपक तिवारी भी पहुंचे। आबकारी निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह पवार ने भी मौके पर पहुंचकर प्लांट का निरीक्षण किया। वहां स्टाक रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि प्लान्ट के सभी अनुज्ञापन रिन्यू नहीं हुए हैं।

वहीं एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर सीओ पौड़ी अनुज कुमार ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। एफएसटी टीम से सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र सिंह सजवान ने बताया कि, प्राप्त शराब की सूची निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है, लेकिन मौके पर स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं हो पाया है। आबकारी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि फैक्ट्री रिन्यूअल न होने पर बंद है। मैनेजर को नोटिस भेज कर स्टॉक रजिस्टर मंगवाया जाएगा। निर्वाचन आयोग के आदेश पर आज सुबह थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवारी ने फैक्ट्री के मुख्य गेट पर गार्ड्स की तैनाती कर दी है। वहीं इस पूरे घटना क्रम पर गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने भाजपा पर आरोप लगाया की, वह शराब के बलबूते चुनाव प्रभावित करना चाहते हैं।

# भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। जिनके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है।

मामला अल्मोड़ा जनपद के सल्ट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना सल्ट पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए




पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को राजकीय पॉलीटेक्निक तिराहा डोटियाल रोड पर बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। बाइक में रखे बोरे की तलाशी लेने पर उसमें रखा 7 किलो 660 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होने अपना नाम गौरव सिंह नेगी पुत्र विरेन्द्र सिंह व सागर सिंह रावत निवासी जोगीपुरा थाना रामनगर जिला नैनीताल बताया। पुलिस ने उन्हे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

# युवती की गैर इरादतन हत्या के मामले फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। युवती की गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को कोतवाली ऋषिकेश में सकल साहनी पुत्र महेश्वर साहनी निवासी झुग्गी झोपड़ी मायाकुड थाना ऋषिकेश के द्वारा एक मुकदमा दर्ज कराया था कि 21 जनवरी 2024 को बैजनाथ साहनी पुत्र दुई साहनी निवासी झुग्गी झोपड़ी बंगाली बस्ती मायाकुंड ऋषिकेश तथा उसके अन्य परिजनों के द्वारा उसके व परिवारजनों के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडों व प्रेशर कूकर से हमला किया जिसमे उसकी पुत्री रूपा के सिर पर गंभीर चोट आने तथा दौराने उपचार एम्स अस्पताल ऋषिकेश में उसकी मृत्यु हो जाने पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की गम्भीरता




को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर कडे निर्देश निर्गत किये गये। जिसके अनुपालन में घटना से संबंधित 04 आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया गया, घटना में शामिल एक अन्य छोटू साहनी तभी से लगातार फरार चल रहा था, जिसको मुकदमें उपरोक्त में वांछित किया गया था। वांछित की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा उसके सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिशें दी जा रही थी, साथ ही इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के माध्यम से आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे।

पुलिस द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप सूचना पर मुकदमें में वांछित चल रहे छोटू साहनी को योग नगरी रेलवे स्टेशन ऋषिकेश के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसको पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## एक नजर

# भाजपा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगवाना चाहती है: आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने भाजपा पर एक बार फिर बड़ा आरोप लगाया है। आतिशी ने कहा केजरीवाल को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली सरकार की मंत्री और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आरोप लगाया है कि भाजपा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगवाना चाहती है।

उन्होंने कहा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी होगा। आतिशी ने कहा दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने बैठक में शामिल होना बंद कर दिया है। जिससे पता चलता है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश रची जा रही है। इसके साथ ही आतिशी ने चेतावनी देते हुए कहा मैं बीजेपी को चेतावनी देती हूं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी, असंवैधानिक और दिल्ली के लोगों के जनादेश के खिलाफ होगा।



दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी को स्पष्ट जनादेश दिया है। आतिशी ने कहा भाजपा को ये पता है कि वो चा चाहे जितना भी जोर लगा लगा लें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को किसी कीमत पर वो हरा नहीं सकते हैं। आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल से प्यार करती है, अरविंद केजरीवाल को उनकी नीतियों और उनकी योजनाओं के कारण पसंद करते हैं। दिल्ली के लोग भाजपा की हरसंभव कोशिश के बाद आप को ही वोट देते हैं। आतिशी ने दावा किया कि भाजपा दिल्ली में चुनाव जीतने वाले नहीं है, इसलिए ये साजिश कर रहे हैं कि दिल्ली की चुनी हुई अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराया जाए।

# कांग्रेस उम्मीदवार इमरान मसूद के मंदिर जाने पर विवाद !

सहारनपुर। सीएम योगी के सहारनपुर दौरे से पहले कांग्रेस के उम्मीदवार इमरान मसूद के मंदिर जाने को लेकर बड़ा विवाद हो गया है । इमरान मसूद सिद्धपीठ त्रिपुरबाला सुंदरी देवी के मंदिर गए ।

मसूद की इस मंदिर यात्रा पर बजरंग दल ने एतराज जताया है । बजरंग दल ने मंदिर परिसर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध के पोस्टर चस्पा कर दिए ।




सहारनपुर से सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद द्वारा देवबंद स्थित सिद्ध पीठ मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर में दर्शन करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है ।

बजरंग दल ने इसे हिंदू समाज का अपमान बताते हुए मंदिर परिसर में गैर हिंदू लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है । बजरंग दल द्वारा मंदिर परिसर के आसपास पर्चे चस्पा करते हुए गैर हिंदू लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया है । जिसके चलते पूरे मामले ने बड़े विवाद का रूप ले लिया है। हालांकि इस मामले में मंदिर कमेटी की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है।

# भाजपा कार्यकर्ता के घर के बाहर 'सिर तन से जुदा' की धमकी वाला लेटर मिलने से सनसनी

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक भाजपा कार्यकर्ता के घर के बाहर श्सिर तन से जुदाश की धमकी वाला लेटर मिलने से सनसनी फैल गई है। कोटा के उद्योग नगर इलाके में भाजपा कार्यकर्ता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत पीड़ित ने उद्योग नगर थाने में दी है।

पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि जो वह घर से बाहर निकाला तब एक पेपर उसके घर के बाहर लगा हुआ था। जिसमें लिखा है- गुस्ताख-ए-रसूल की एक ही सजा, सिर तन से जुदा सिर तन से जुदाश लेटर में लिखा गया है-तू हिंदू के लिए बहुत आवाज उठाता है, अब तेरी आवाज बंद हो जाएगी। हम अल्लाह के बंदे हैं, और तुझे नहीं छोड़ेंगे। पत्र मिलने के बाद से ही पीड़ित का परिवार दहशत के माहौल में हैं। कोटा एएसपी दिलीप सैनी के अनुसार मनोज कुमार ने शिकायत दी है कि उसके घर के बाहर उसे धमकी भरा पत्र मिला है।



मनोज की रिपोर्ट उद्योग नगर पुलिस थाने में दर्ज कर उसे सुरक्षा मुहैया करवाई गई है। उसे व उसके परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। आस-पास के इलाके में सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए भाजपा जरूरी: धामी

विशेष संवाददाता

खटीमा/द्वाराहाट। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज कल दिन-रात अपने चुनावी मिशन पर हैं बीती रात उन्होंने खटीमा में रात्रि विश्राम किया और सुबह की सैर पर निकलते ही उन्होंने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। सैर के दौरान उन्होंने सभी मिलने वाले लोगों से उनक कुशल क्षेम पूछा और उन्हें यह बताना नहीं भूले कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऋषिकेश में आए थे और मोदी ने आपको राम-राम भेजा है।



अचानक मुख्यमंत्री को अपने सामने पाकर लोग हैरान दिखे वहीं उन्होंने जब कहा कि मोदी ने आपको राम-राम कहा है तो यह सुनकर वह और भी खुश हो गए कई लोग तो यह कहते दिखे कि हम तो पहले से ही मोदी के साथ हैं। इसके बाद सीएम अल्मोड़ा के द्वाराहाट पहुंचे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 का चुनाव उन दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है जिसमें एक तरफ भ्रष्टाचार मिटाओ वाले हैं तो दूसरी तरफ भ्रष्टाचारी बचाओ वाले लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हर रोज एक नया घोटाला होता था। उन्होंने कहा कि

**●ईवीएम असफलता छुपाने का सहारा**
**●सैर के साथ लोगों तक पहुंचाई मोदी की राम-राम**

जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र में सरकार बनी है एक भी घोटाला नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की सत्ता संभाली थी तब कहा था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब भ्रष्टाचारियों को चुन-चुन कर जेल भेजने के काम में जुटे हुए हैं। सारे विपक्ष के नेता एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं रहे बचा है।

देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है कांग्रेस की जो दुर्दशा हुई है उसके कामों के कारण हुई है लेकिन अपनी इस असफलता का कारण वह ईवीएम को बता रही है। उन्होंने कहा कि उसके पास अपनी असफलता को छुपाने का सिर्फ ईवीएम ही सहारा है। उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अजय टम्टा को भारी मतों से जिता कर संसद भेजें।

## पिकअप वाहन में गाय व बछडे को ले जाने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पिकअप वाहन में गाय व बछडे को ले जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुर निवासी प्रवेश सिंह ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में गायों व बछडों को ठूंसकर सहारनपुर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद उसने टीवीएस शोरूम के पास उक्त वाहन को रोका तो उसमें तीन गायों व बछडों को ठूंसकर ले जाते हुए पकड लिया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम नसीम पुत्र अयुब निवासी छुटमलपुर गागलेहडी बताया।

## तीन दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने तीन स्थानों से तीन दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घोसी गली निवासी अंकित वासन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खडी की थी लेकिन थोडी देर बाद उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। वहीं रेसकोर्स निवासी बलजीत सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी एक्टिवा घर के बाहर खडी की थी लेकिन थोडी देर बाद वह बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। इसके साथ ही आईटी पार्क निवासी अभिषेक दुबे ने भी राजपुर थाने में घर के बाहर से अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तीनों मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डुप्लीकेट रूफिंग शीट्स बेचने का गोदाम पकड़ा, मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

टिहरी। मुनिकीरेती थाना क्षेत्रांतर्गत ढालवाला में एक नामी कंपनी के नाम से डुप्लीकेट रूफिंग शीट्स बेचने का गोदाम पकड़ा गया है। पुलिस ने कंपनी के अधिकारी कि तहरीर पर गोदाम के मालिक राजेश अग्रवाल के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही गोदाम से नामी कंपनी की नकली 359 रूफिंग शीट्स भी बरामद की है।



इंस्पेक्टर रितेश शाह ने बताया कि महाराष्ट्र विरार निवासी रवि दुखहरण पांडे जिंदल इंडिया लिमिटेड कंपनी के अधिकारी है। जो आज मुनिकीरेती थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी के नाम से ढालवाला स्थित सजु स्टील नाम के गोदाम में डुप्लीकेट रूफिंग शीट्स व अन्य सामान बेचा जा रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर गोदाम पर छापेमारी की। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों ने जांच में पाया कि गोदाम के अंदर कंपनी के नाम की नकली रूफिंग शीट्स डुप्लीकेसी कर बेचने के लिए रखी गई है। जिससे कंपनी का नाम और छवि बाजार में खराब हो रही है। सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। गोदाम से 359 नकली रूफिंग शीट्स बरामद होने पर कंपनी के अधिकारी रवि दुखहरण पांडे ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में रूफिंग शीट्स कब्जे में लेकर गोदाम के मालिक राजेश अग्रवाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुकान से मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान के अंदर से मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएल रोड निवासी सुबोध आनन्द ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में ही मोबाइल की दुकान है। आज वह दुकान के अन्दर काम कर रहा था तभी किसी ने उसकी दुकान से एक मोबाइल चोरी कर लिया।

**आर.एन.आई.-** 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*